गाँधी जयंती रिपोर्ट

सेंट मोंटफोर्ट स्कूल भोपाल के प्रायमरी विभाग में गाँधी जयंती के १५० वे अवसर पर कक्षा 1 और 2 के छात्रों द्वारा असेंबली की गई |

जिसमें गांधीजी के जीवन से छात्रों को परिचित कराया गया एवं उनके द्वारा चलाए गए स्वच्छता के अभियान को प्रगति देते हुए छात्रों को स्वच्छता से संबधित निर्देश दिए गए | शास्त्री जी (लाल बहादुर शास्त्री जी) के आदर्शो से छात्रों को परिचित कराया गया | इस अवसर पर दोनों महापुरुषों को पुष्पांजली समर्पित करके कार्यक्रम का प्रारभ करवाया गया इस अवसर पर शाला के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. , सिस्टर क्रिस्टी की उपस्थिति छात्रों केलिए उत्साह वर्धक थी | छात्रों द्वारा सामूहिक नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किया गया | जो स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में योगदान दे रहा था | छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में सर्वधर्म प्राथना भी की गई जिसके द्वारा सभी धर्मी के प्रति आदर भाव रखने की प्रेरणा मिली |